चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/ए0आर0/7872
दिनांक : 04.05.2023

विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थानों/विभागों में सत्र 2021–22 में प्रविष्ट बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0काम0 (संस्थागत) एन0ई0पी0 पाठ्यक्रमों के छात्रों के आंतरिक एवं प्रयोगात्मक अंक समय से विश्वविद्यालय पोर्टल पर महाविद्यालयों/संस्थानों/विभागों द्वारा अपलोड नहीं किये गये जिसके कारण प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित करने में विलम्ब हुआ, फलस्वरूप सत्र 2021–22 के छात्रों की तृतीय सेमेस्टर एवं सत्र 2022–23 छात्रों की प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं विलम्ब से दिनांक 20.04.2022 से आरम्भ हो पायीं।

उक्त सत्रों को समय पर लाने का एकमात्र विकल्प है कि उपर्युक्त सत्रों के छात्रों की सम सेमेस्टर परीक्षाएं (द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) शीघ्र ही आयोजित करायी जायें।

अतः समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों/विभागों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एन0ई0पी0 पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर परीक्षाएं माह जुलाई के प्रथम सप्ताह से आयोजित करायी जानी प्रस्तावित हैं। यह परीक्षाएं समय पर सम्पन्न करायी जायें इसके लिए आवश्यक है कि विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के साथ–साथ समय मिलने पर छात्रों की सम सेमेस्टर कक्षाएं ऑनलाईन माध्यम से अथवा अतिरिक्त कक्षाएं चलाकर पूर्ण कर ली जायें तथा आंतरिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं इत्यादि सम्पन्न करा ली जायें।

04/05/2023

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

01. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपर्युक्त विज्ञप्ति पर अमल करने का कष्ट करे।
02. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
04. व्यैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
05. उपकुलसचिव/प्रभारी (गोपनीय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
06. प्रभारी (अति गोपनीय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)